SET - 1

L.I

FYBA
Sem - I
Hindi - 1

21st Nov, 2016
3pm to 6pm

**QP Code : 786701**

(02 pages)

(50)

(3 घंटे) [ कुल अंक :100

1. निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- 24

(1) 'देखा तेरा सुखमय जीवन ! आस्तीन के साँप ! पापात्मा !! मैंने साहित्य-सेवी जानकार और ऐसे उच्च विचारों का लेखक समझ कर तुझे अपने घर में घुसने दिया और तेरा विश्वास और सत्कार किया था। प्रच्छन्न-पापिन ! वकदाम्भिक ! बिड़ालव्रतिक ! ''

**अथवा**

''आंटी, आप अम्मा को जल्दी घर भेज दें । घण्टे-भर में प्ले स्कूल से पियूष घर आ जायेगा। बहुत प्यार करता है वह सोनू और मोनू को । उसे समझाना - सँभालना मुश्किल हो जायेगा। मोनू भी भौचक - सा सोनू की निस्पंद पड़ी देह के इर्द-गिर्द मँडरा रहा है।''

(2) 'यह नया कमल पुलिस देखकर खिलता है, पुलिस न दिखे तो मुरझा जाता है । बड़ा सुन्दर दृश्य होता है - आगे पुलिस, पीछे पुलिस, बायें पुलिस, दायें पुलिस और बीच में यह कमल मुसकाराता चला जाता है । एक सूखा सरोवर है, जिसमें खाकी लहरों के बीच यह कमल खिलता हैं ।''

**अथवा**

''अभी तक लड़कियाँ व महिलाएँ धन के मामले में शादी से पहले पिता व भाई का मुँह देखने को मजबूर हैं। विवाह के बाद वे पति या पुत्र पर निर्भर हो जाती हैं । नौकरी या रोजगार न करने वाली महिलाएँ पैसे - धेले के लिए सारा जीवन पुरुषों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। इस आर्थिक निर्भरता के कारण उन्हें पग-पग प्रताड़ित होना पड़ता है । ''

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 30

(1) 'आँसुओं की होली' की कहानी के माध्यम से पंडित श्रीविलास का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

'निर्वासित' कहानी के माध्यम से माँ-और बाबूजी की विवशता पर प्रकाश डालिए।

(2) 'नीलकंठ मोर' की प्रकृतिगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

महात्मा गांधी की कौन-सी संस्मरणीय यादें लेखक रामकुमार वर्मा जी ने चित्रित की हैं ? अपने शब्दों में लिखिए।

दहेज का कानून

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए:- **15**

(1) 'सच बोलने की भूल' कहानी के माध्यम से किसान परिवार की गरीबी और मजबूरी को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

'मेरा जीवन' आत्मवृत्त के माध्यम से प्रेमचंद जी के जीवन पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। **16**

(1) 'साहब फिर कब आएँगे माँ !' की मंगली।

अथवा

'सपना' कहानी का नटराजन।

(2) 'कर कमल हो गये' रचना का व्यंग्य।

अथवा

अर्चना वर्मा का बेटी को लिखा पत्र।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **15**

(1) बाबू जयदेवशरण वर्मा द्वारा रचित ग्रन्थ का नाम लिखिए।

(2) पंडित श्रीविलास को कौन-सा त्योहार पसंद नहीं था ?

(3) लेखक सूर्यास्त का दृश्य देखने के लिए अपने साथ किसे ले गये थे ?

(4) 'जूते' कहानी के नौकर का क्या नाम था?

(5) 'जंगल' कहानी के खरगोश के जुड़वे बच्चों के नाम लिखिए।

(6) 'साहब फिर कब आएँगे माँ !' कहानी में नौकरानी मंगली को साहब के लिए क्या खाना बनाना था।

(7) 'सपना' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(8) 'निर्वासित' कहानी का बेटा बाबूजी को महिना कितने रुपये भेजता था ?

(9) प्रेमचंद जी की कौन-सी रचना अंग्रेज सरकार ने ज़ब्त कर ली थी ?

(10) 'नीलकंठ' रचना में नीलकंठ किसका नाम है ?

(11) 'नीलकंठ: मोर' रचना में साँप ने किस पशु पर हमला किया ?

(12) 'कर कमल हो गये' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(13) गांधीजी के साथ प्रसिध्द मुस्लिम नेता कौन थे ?

(14) सेवाग्राम में माँ कस्तूरबा ने लेखक को नाश्ते में क्या खिलाया ?

(15) अर्चना वर्मा ने पत्र में किस कानून की बात की है ?

........................

Set 2

(25)

FYBA
Sem I
Hindi-I

22nd Nov., 2016
3pm to 6pm
(02 pages)

**QP Code : 786705**

(3 घंटे) **[ कुल अंक :100**

1. निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- **24**

(1) ''ओ-हो, बाबू जयदेवशरण वर्मा, बी.ए. जिन्होंने 'सुखमय जीवन' लिखा है। मेरा बड़ा सौभाग्य है कि आपके दर्शन हुए। मैंने आपकी पुस्तक पढ़ी है और चाचाजी तो उसकी प्रशंसा बिना किए एक दिन भी नहीं जाने देते। वे आपसे मिलकर बहुत प्रसन्न होंगे, बिना भोजन किये न जाने देंगे और आपके ग्रंथ के पढ़ने से हमारा परिवार-सुख कितना बढ़ा है।''

**अथवा**

''माँजी, जरा बाबूजी से कहिएगा, इतनी जोर से पाठ न किया करें। वहाँ घर की बात और थी, यहाँ सब ऑफिसर्स ही रहते हैं। और फि र भगवान तो सब जगह है। देखिए न, कबीरदास ने भी कहा है- ता चढ़ि मुल्ला बांग दे क्या बहिरा हुआ खुदाय।' आप और बाबूजी मन-मनमें पूजा कर लिया कीजिए... ये गुस्सा होते हैं।''

(2) ''इस जुल्म ढाने वाली सरकार ने हिंदुस्तान के जिस्म से खून की एक-एक बूँद निचोड़ ली और इस मुल्क को मुर्दा बना दिया है। महात्मा गांधी ने, जो नयी जिंदगी की हरकत पैदा की है, उसमें हम लोग उनका हिम्मत से साथ दें और खिलाफ़त और असहयोग आंदोलन के दौर में इस विदेशी सरकार को नेस्तनाबूद कर दें।''

**अथवा**

''पर कमलवाले मुँह खोलते हैं कि लड़के चिल्लाते हैं, 'भाषण नहीं नौकरी दो।' वे संभलकर कहते हैं यह देश तुम युवकों का है। लड़के चिल्लाते हैं, 'बकवास बंद करो।' वे कहते हैं, 'इस देश का तुम्हें निर्माण करना है।' लड़के कहते हैं, 'चुप रह बे।' वे कहते हैं, 'हमें तुम से बड़ी-बड़ी आशाएँ हैं।' लड़के चिल्लाते हैं, शटप। फिर घेराव, नारे, जूता फेंक और कभी पिटाई भी।''

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- **30**

(1) कौन-सा सच बोलने का पछतावा लेखक यशपाल जी को हो रहा था ? प्रकाश डालिए।

**अथवा**

शिरोडकर ने कौन-सा सपना देखा था ? उस सपने का अंतिम परिणाम क्या हुआ ?

(2) 'नीलकंठ-राधा-कुब्जा' की तिकोनी प्रेम कहानी अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

दहेज कानून के माध्यम से लेखिका 'कुरीति तोड़ो परिवार नहीं' का संदेश किस तरह देती है ? स्पष्ट कीजिए।

MUPD16594 VPM594 11/22/2016 1:12:46 PM

3. निम्नलिखित में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए :- 15

(1) 'जूते' कहानी के नौकर मनोहर का चरित्र चित्रण कीजिए।

**अथवा**

'मेरा जीवन' के लेखक प्रेमचंदजी के संघर्षरत जीवन पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। 16

(1) श्रीविलास-मनहरनाथ की दोस्ती।
अथवा
पियूष और सोनू की मौत।

(2) रामकुमार वर्मा और महात्मा गांधी की भेंट।
अथवा
समारोह और करकमल।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए। 15

(1) कमला कौन-सी पत्रिका में लेख लिखती थी ?
(2) होली से बचने के लिए श्रीविलास किस रंग के कपड़े पहनते हैं?
(3) लेखक ने कौन-सा सच बोलने की भूल की थी ?
(4) नौकर मनोहर जूतों की इच्छा कैसे पूरी करता है ?
(5) 'जंगल' कहानी में किसकी मृत्यु होती है ?
(6) मक्के की रोटी और सरसों का साग बनाने की जिम्मेदारी किस को सौंपी गई थी?
(7) गौतम को पंडाल में बैठने के लिए क्यों नकारा जाता हैं?
(8) निर्वासित के बाबूजी कौन-सी पोथी पढ़ते थे?
(9) क्वीन्स कॉलेज में प्रेमचंद को ॲडमिशन क्यों नहीं मिल सका ?
(10) 'मेरा जीवन' रचना के लेखक कौन है?
(11) लेखिका ने मोरनी का नाम क्या रखा था?
(12) समारोह के अतिथियों के कर क्या बनते हैं?
(13) 'कर कमल हो गये' यह रचना किस विधा के अंतर्गत आती है ?
(14) प्रोफेसर की दस मिनट की देर से देश का कितना नुकसान होता है ?
(15) माँ ने बेटी को लिखे पत्र में किस विषय की चर्चा की है ?

........................

MUPD16594 VPM594 11/22/2016 1:12:53 PM